# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## शुक्रवार, 17 मार्च, 2017/ 26 फाल्गुन, 1938 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 19**

----

### गृह निर्माण हेतु भूमि

*3880 **श्री कुलदीप कुमार(चिन्तपुरनी) :**
**श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री किशोरी लाल(बैजनाथ) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत चार वर्षों में कितने भूमिहीन लोगों को गृह निर्माण के लिए भूमि दी गई; इसमें से कितने लोग अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति से सम्बन्धित हैं; ब्यौरा जिलों का मण्डल व उप-मण्डलवार दें?

----

### भवन निर्माण हेतु स्वीकृत धनराशि

*3881 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण हेतु कुछ स्थानों पर चार लाख पचास हज़ार रुपये व अन्य स्थानों पर दो लाख पचास हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा जहां कम धनराशि दी गई है उन केन्द्रों हेतु अतिरिक्त धनराशि कब तक उपलब्ध करवा दी जाएगी?

----

## तहसीलें/उप-तहसीलें

***3882 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 को देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी तहसीलें व उप-तहसीलें थीं; इनके अन्तर्गत कौन-कौन से कानूनगो व पटवार वृत्त सम्मिलित थे;

(ख) गत चार वर्षों में सरकार ने देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी तहसीलें/उप-तहसीलें नई खोली गईं और उनमें कौन-कौन से कानूनगो व पटवार वृत्त सम्मिलित किए गए; और

(ग) इन कानूनगो व पटवार वृत्तों को इन नई तहसीलों में सम्मिलित करते समय क्या स्थानीय जनता व पंचायतों के प्रस्ताव सहमति हेतु लिए गए थे; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

***3883 श्री खूब राम (आनी):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आयुर्वेद औषधालय स्वीकृत हैं; और

(ख) इन औषधालयों में से कितने निजी भवनों में चल रहे हैं तथा इनके भवन निर्माण हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## नम्बरदारों को मासिक भत्ता

***3884 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार क्या नम्बरदारों को मासिक भत्ता प्रदान करती है; यदि हां, तो कितना; और

(ख) यदि नहीं, तो सरकार क्या पंजाब व हरियाणा की तर्ज़ पर 2000 रूपये मासिक भत्ता देने पर विचार करेगी; यदि हां, तो कब तक?

----

## टी0डी0 का आबंटन

***3885 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पंचायत पीरन, सतलाई, दरभोग, कोटी में पूर्व में किन-किन जंगलों से टी0डी0 उपलब्ध करवाई जाती थी; ब्यौरा बीटवार दें;

(ख) यह सत्य है कि इन ग्रामीणों को 2011 के बन्दोबस्त से पूर्व जिन जंगलों से टी0डी0 आबंटित की जाती थी वह बन्द कर दी गई है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इन जंगलों से पूर्व की भांति ही इन ग्रामीणों को टी0डी0 प्रदान करने पर पुनर्विचार करेगी?

----

## Allotment of Land

***3886 Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that prior to 1995 forest land was allotted to various landless/eligible persons in Bangana Tehsil by the former Superintendent of Kutlehar Forests Raja Mohindra Paul;

(b) if yes, whether those persons are enjoying the possession and have became owner thereof; and

(c) if not, whether the Government would consider to grant ownership rights to those persons?

----

## नलकूपों को चालू करना

***3887 श्री राकेश कालिया(गगरेट) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में जो नलकूप ए०आई०बी०पी० योजना के अन्तर्गत गांव भंजाल, दयोली (चढ़ा मोहला) बडेरा, राजपूतां, कैलाशनगर (नकड़ोह), ऑयल-3, ऑयल-4, शिवबाड़ी-2, शिवबाड़ी-3 में बोर किये गए थे; उनको दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक भी कार्यशील (Functional) नहीं किया गया है;

(ख) सरकार क्या इन नलकूपों को कार्यशील (Functional) करने हेतु धनराशि का प्रावधान करेगी; और

(ग) ज़िला ऊना में कितनी नलकूप सिंचाई व पेयजल योजनाएं हैं; गत चार वर्षों में इनके रख-रखाव हेतु सरकार ने कितनी धनराशि स्वीकृत की है; ब्यौरा दें ?

----

## स्वीकृत पद

***3888 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्षेत्रीय अस्पताल सरकाघाट में चिकित्सकों, विशेषज्ञों व पैरामेडिकल स्टाफ के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं; ब्यौरा पदनाम सहित दें; और

(ख) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक इन संस्थानों में कितने पद भरे गए व कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

----

## Approved Schemes

***3889 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that few schemes approved by the Ministry of Water Resources (G.O.I.) under AIBP long back have not been completed by the I&PH Department;

(b) if yes, the detail of schemes of the State be given and by when these will be completed; and

(c) the delay and bottlenecks if any in respect of the Schemes of Nalagarh Assembly Constituency be given and by when these schemes will be completed and made functional?

----

## आयुर्वेदिक चिकित्सकों की रिक्तियां

***3890 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में आयुर्वेदिक चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं तथा इनको कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) यह सत्य है कि रोहड़ू में आयुर्वेदिक अस्पताल के भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## Demarcation of Border Area

***3891 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Surveyor General of India team has visited Sarchu and Shinkula Border of Himachal Pradesh and Jammu and Kashmir in Ladakh Areas;

(b) whether it is also a fact that they have asked both the State Governments to deposit amount for demarcation as there have been differences on the spot meeting of Deputy Commissioner, Superintendent of Police Lahaul and Deputy Commissioner Leh and Kargil Administration; and

(c) if yes, by when the money will be deposited?

----

## पेयजल योजना

***3892 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य मण्डल अर्की के अन्तर्गत गम्भर नदी से पेयजल योजना कब स्वीकृत की गई और इसकी निविदाएं कब की गई थीं; ब्यौरा दें; और

(ख) यह योजना कब तक जनहित में प्रारम्भ की जाएगी?

----

## नेटवर्क सुविधा

***3893 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) सरकार द्वारा प्रदेश में मोबाइल नेटवर्क सुविधा को बढ़ावा देने के लिये क्या-क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) सरकार क्या चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के चरड़ा, चांजू, बघेईगढ़, मंगली, बैरागढ़, देवीकोठी इत्यादि क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क सुविधा के सुधार हेतु नए मोबाइल टावर लगाने का विचार रखती है?

----

## योजनाओं की डी0 पी0 आर0

***3894 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) गत चार वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग की कितनी योजनाएं स्वीकृत की गईं; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) इन योजनाओं हेतु कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई तथा कितनी व्यय की गई; और

(ग) इस समयावधि में कितनी योजनाओं की डी० पी ० आर० बनकर तैयार हुई और कितनी योजनाओं की शेष हैं; विभाग शेष योजनाओं की डी ० पी ० आर० कब तक तैयार करेगा; ब्यौरा दें ?

----

## वन रक्षक की भर्ती

***3895 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2017 तक वन विभाग ने कितने वन रक्षकों की भर्ती कब-कब की; ब्यौरा वन मण्डलशः दें; और

(ख) वन रक्षकों की भर्ती हेतु जो प्रक्रिया अपनाई गई है; उसकी प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण

***3896 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नाहन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (SADA) कालाअम्ब में कौन-कौन क्षेत्र आते हैं; ब्यौरा ग्राम पंचायत एवं गांव के नाम सहित दें; और

(ख) गत चार वर्षों में इस क्षेत्र में विकास कार्यों पर कितनी धनराशि किस कार्य पर व्यय की गई; ब्यौरा कार्य के नाम व स्थान का धनराशि सहित दें?

----

## अवैध कब्जाधारक

***3897 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में सरकार ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को नियमित करने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो निर्णय की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## वन विभाग द्वारा ऋण

***3898 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वन विभाग ने सरकार की अनुमति के बिना 5 करोड़ रूपये का कर्ज लिया है;

(ख) यदि हां, तो कब और यह किसकी अनुमति और किस उद्देश्य के लिए लिया गया; और

(ग) सरकार क्या इसकी जांच करवाने के आदेश देगी?

----

**शिमला: 171004.**
**दिनांक: 1 मार्च, 2017.**

**सुन्दर सिंह वर्मा,**
**सचिव।**